उत्तर प्रदेश शासन

नागरिक उड्डयन अनुभाग

संख्या: 105/2016/1394/छप्पन-16-26/10

लखनऊ: दिनांक: 26 दिसम्बर, 2016

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई के अन्तर्गत गुणवत्ता प्रबन्धक/वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर श्री सुरेश कुमार को कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1300/छप्पन-2013-26/10, दिनांक 23.8.2013 द्वारा रूपये 1,50,000/- के नियत पारिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिये संविदा पर नियुक्ति प्रदान की गयी थी, जिसके क्रम में उनके द्वारा दिनांक 11.10.2013 को पूर्वान्ह में योगदान किया गया था। तदोपरान्त अन्तिम बार संविदा अवधि कार्यालय ज्ञाप संख्या-1513/छप्पन-2015-26/10, दिनांक 26.11.2015 द्वारा 01 वर्ष के लिए बढ़ायी गयी थी, जो दिनांक 10 अक्टूबर, 2016 को समाप्त हो रही है।

2- चूँकि गुणवत्ता प्रबन्धक/वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर श्री सुरेश कुमार की सेवाओं की अभी आवश्यकता है तथा पत्र दिनांक 22.9.2016 द्वारा उन्होंने उक्त पद पर अपनी संविदा अवधि बढ़ाये जाने का अनुरोध भी किया है अतः शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदय गुणवत्ता प्रबन्धक/वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर श्री सुरेश कुमार की संविदा अवधि आगामी 03 वर्ष (अर्थात दिनांक 11.10.2016 से दिनांक 10.10.2019 तक) वर्तमान नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 1,83,750/- (रूपये एक लाख तिरासी हजार सात सौ पचास मात्र) तथा 05 प्रतिशत की वर्षिक वृद्वि सहित पूर्व शर्तो एवं प्रतिबंधों पर बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री सुरेश कुमार को उक्त संविदा अवधि में उपर्युक्त नियत मासिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे। उपर्युक्त शर्तों के अधीन रहते हुए उन पर संविदा सेवा अवधि में अन्य शर्तें वही लागू होंगी, जो अस्थायी कर्मचारियों पर लागू होती हैं और वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग-2 के सहायक नियम 157-ए तथा तत्सम्बन्धी शासनादेशों के अन्तर्गत उन्हें अस्थायी राज्य कर्मचारियों की भॉति अवकाश देय होगा।

4- श्री सुरेश कुमार से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराया जायेगा और उसे शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

एस0के0 रघुवंशी
सचिव।

श्री सुरेश कुमार, (संविदा)
गुणवत्ता प्रबन्धक/वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
(अनुरक्षण सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई)
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

---- 2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या: 105/2016/1394(1)/छप्पन-16-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 लखनऊ को उनके पत्र संख्या-528/ना0उ0नि0/पी0एफ0, दिनांक 15.9.2015 के संदर्भ में इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री सुरेश कुमार से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।

3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

4- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2/कार्मिक अनुभाग-1

6- सम्बन्धित की व्यक्तिगत पत्रावली के लिए (नागरिक उड्डयन निदेशालय को)

7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(डा0 सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।